तापमान

अधिकतम 22.0 डिग्री

न्यूनतम 23. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

एकता मार्च यात्रा एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने महत्वपूर्ण कदम : जांगड़े

2



## खबर संक्षेप

### एलपीजी वितरक संघ की देश व्यापी चरणबद्ध हड़ताल आज से

**चांपा**। भारत सरकार की सार्वजनिक तेल कम्पनी यथा इंडियन ऑयल कंपनी लिमिटेड, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कंपनी लिमिटेड तथा भारत पेट्रोलियम कंपनी लिमिटेड के देश भर के एल.पी.जी. वितरक अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर शुक्रवार 24 अक्टूबर से चरणबद्ध तरीके से आंदोलन प्रारंभ करेंगे। एल.पी.जी. डिसट्रिब्यूशन एसोसिएशन ने बताया कि भारत सरकार की तीनों सार्वजनिक तेल कंपनियों के एल.पी.जी. वितरक अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर शुक्रवार 24 अक्टूबर से चरणबद्ध तरीके से आंदोलन प्रारंभ करेंगे। इसके तहत आंदोलन के प्रथम चरण में सभी वितरक व उनके कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। द्वितीय चरण में बुधवार 29 अक्टूबर को शाम 7 बजे सभी वितरक अपने जिला मुख्यालय पर मशाल एवं मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। तृतीय चरण में गुरूवार 6 नवम्बर को नो मनी इंडेंट के तहत न पैसे जमा करेंगे और न ही इंडेंट करेंगे। आंदोलन के अंतिम चरण में यदि एल.पी.जी. वितरक के सेवा शुल्क एवं होम डिलीवरी प्रभार में वृद्धि नहीं की गई तो देश के समस्त एल.पी.जी. वितरक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा करेंगे।

### मेधावी विद्यार्थियों के लिए श्रेष्ठ योजना के लिए आवेदन 30 तक

**जांजगीर-चांपा**। अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को देश के सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार की श्रेष्ठ योजना लक्षित क्षेत्रों के उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना दृ श्रेष्ठ के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। इस योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कक्षा 9 और 11 में प्रवेश के लिए 3 हजार नए विद्यार्थियों का चयन किया जाता है, जो कक्षा 12वीं तक की शिक्षा पूरी करते हैं। स्कूलों का आबंटन योग्यता और विद्यार्थियों की प्राथमिकता के आधार पर ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से किया जाता है।

### रजत जयंती वर्ष, कल तक कर सकते है आवेदन

**सक्ती**। रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में उद्योग विभाग के अंतर्गत स्टार्टअप छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन 2025 स्टार्टअप पिचेस एवं अवॉड्र्स इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जिला सक्ती द्वारा बताया गया कि यह एक राज्यव्यापी पहल है। यह छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन राज्यभर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें छात्र समुदाय से 10 संभावनाशील विचार और 10 अभिनव स्टार्टअप्स का चयन किया जाएगा। मूल्यांकन के आधार पर शीर्ष 5 छात्र विचार एवं शीर्ष 5 स्टार्टअप्स को निम्नानुसार सम्मानित किया जाएगा। जिसमें नगद पुरस्कार 51 हजार रुपए तक, आगे के विकास हेतु मेंटरशिप, राज्योत्सव मंच पर सम्मान एवं राज्योत्सव प्रदर्शनी मंडल में अपने उत्पाद और सेवाओं का प्रदर्शन करने का अवसर भी दिया जाएगा।

### 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा**। जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरिया में 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर भेजा गया। जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी गोरेलाल कश्यप के कब्जे से 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया है।

## जिले के 101 समिति अंतर्गत 129 केन्द्रों में होगी खरीदी

# धान खरीदी की तैयारी तेज, नए उपार्जन केन्द्र खुलने के प्रस्ताव पर असमंजस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



खेत में लहलहाती धान की फसल।

धान खरीदी सीजन के नजदीक आते ही जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी तेज हो गई है। इस बार भी जिले की 101 सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों से धान खरीदी की जाएगी। आगामी 15 नवंबर से खरीदी कार्य प्रारंभ होगा। वहीं, शासन को नए उपार्जन केंद्रों के गठन का प्रस्ताव भेजा गया है, जिस पर मंजूरी का इंतजार है।

जानकारी के अनुसार, नवागढ़ ब्लॉक के पौड़ी और मुड़पार सहित अकलतरा क्षेत्र में तीन नए उपार्जन केंद्र खोले जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। सहमति मिलने के बाद इन केंद्रों को खरीदी प्रक्रिया में जोड़ा जाएगा।समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन कार्य तेजी से चल रहा है। इसकी अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। विभाग के निर्देशानुसार सभी सेवा सहकारी समितियों के प्रभारी प्रबंधक व स्टाफ खरीदी के पूर्व आवश्यक तैयारियों में जुटे हुए हैं।इन दिनों जिले के खेतों में स्वर्णा, स्वर्णा मसूरी, दुबराज, एचएमटी, महामाया, बिष्णुभोग सहित अन्य किस्मों की धान फसलें लहलहा रही हैं। कई स्थानों पर अर्ली वैरायटी की कटाई शुरू हो चुकी है। किसान अब अपनी मेहनत की कमाई को समर्थन मूल्य पर बेचने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पिछले साल जिले में 129 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदा गया था, जबकि इस वर्ष केंद्रों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। पिछले वर्ष 1 लाख 22 हजार से अधिक किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा था। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि इस बार पंजीकृत किसानों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार खरीदी व्यवस्था को और बेहतर व पारदर्शी बनाने की दिशा में तैयारी की जा रही है। इसके अलावा शक्ति जिले के सक्ती, मालखरौदा, डभरा एवं जैजैपुर ब्लॉक को मिलाकर धान खरीदी को लेकर 125 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। वही 95 सेवा सहकारी समितियां के माध्यम से धान खरीदी की तैयारी चल रही है शक्ति जिले के कई ग्राम पंचायत में धान खरीदी केंद्र बनाने को लेकर प्रस्ताव भेजा गया है लेकिन इस पर अभी सहमति का इंतजार है।

### पीडीएस दुकानों से 2595 गठान बारदाने लेने का टारगेट

जांजगीर चाम्पा जिले के 300 सौ से भी अधिक पीडीएस दुकानो के माध्यम से करीब 2 हजार 595 गठान बारदाने लेने का टारगेट रखा गया है। जिसके तहत करीब 1 हजार 4 सौ से भी अधिक गठान बारदाने इकठ्ठा कर लिया गया है। वही अभी 11 सौ से भी अधिक गठान बारदाने इकठ्ठा करना बाकि है। इस बारदाने का उपयोग धान खरीदी के दौरान किया जाना है। ताकि धान खरीदी के दौरान किसी तरह की परेशानी ना हो। हर साल धान खरीदी के दौरान समितियो में बारदाने की कमी होती है। जिसके चलते भी धान खरीदी कार्य प्रभावित होता है।

### भेजा गया प्रस्ताव

जिले में 101 सेवा सहकारी समितियो के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। वही नए उपार्जन केन्द्र बनाने को लेकर प्रस्ताव भेजा गया है। जिस पर सहमति के आधार पर व्यवस्था बनाई जाएगी।

-अमित साहू,
नोडल अफसर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाई दूज का पर्व, बाजार रहा गुलजार

## भाई-बहन के अटूट स्नेह और रक्षा के वचन का प्रतीक बना त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



भाई दूज पर्व पर भाई को तिलक लगाती बहन।

प्रेम, स्नेह और विश्वास के प्रतीक भाई दूज का पर्व गुरुवार को शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में उल्लासपूर्वक मनाया गया। सुबह से ही घरों में पूजा-पाठ और तैयारियों का दौर शुरू हो गया था। बहनों ने पारंपरिक रीति से भाइयों की आरती उतारी, तिलक लगाया और उनके दीर्घायु व सुख-समृद्धि की कामना की। बदले में भाइयों ने बहनों को उपहार देकर स्नेह का प्रतिदान किया।

गुरुवार 23 अक्टूबर भाई दूज त्यौहार को लेकरदिनभर बहनों के घर भाइयों के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक परिवारों में हंसी-खुशी का माहौल रहा। घरों में मिठाइयों की खुशबू और उपहारों की अदला-बदली से वातावरण उत्सवमय बना रहा। बच्चे भी नए कपड़े पहनकर इस पर्व की रौनक में शामिल हुए।अचल में पूरे दिन भाई दूज का उल्लास देखने को मिला। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर पूजा-अर्चना की, वहीं युवतियों ने सोशल मीडिया पर भी भाई दूज की शुभकामनाएँ साझा कर पर्व की खुशियों को बांटा।भाई दूज का धार्मिक और सामाजिक महत्वभाई दूज, जिसे यम द्वितीया भी कहा जाता है, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन यमराज अपनी बहन यमुना के घर गए थे, जहाँ यमुना ने उनका स्वागत आरती और तिलक से किया था। इससे प्रसन्न होकर यमराज ने अपनी बहन को वरदान दिया कि जो बहन इस दिन अपने भाई का तिलक करेगी और आरती उतारेगी, उसके भाई की आयु लंबी होगी और उसे यमलोक का भय नहीं रहेगा। इसी पौराणिक कथा के कारण यह पर्व भाई-बहन के स्नेह और रक्षा के वचन का प्रतीक बन गया है। यह त्योहार न केवल पारिवारिक एकता को सुदृढ़ करता है, बल्कि समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश भी देता है। यह त्योहार दिवाली पंच महापर्व का अंतिम दिन होता है, जो कि हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। मान्यताओं के अनुसार, जो भाई बहन के घर जाकर भोजन ग्रहण करता है और तिलक करवाता है, उसकी अकाल मृत्यु नहीं होती है. भाई दूज के दिन यमराज के सचिव चित्रगुप्त की पूजा होती है। जिला मुख्यालय जांजगीर सहित पामगढ़, अकलतरा, बलौदा, बम्हनीडीह, शिवरीनारायण सहित अन्य क्षेत्रों में भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व भाई दूज बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर दुकानों में अधिक भीड़ देखी गई। कपड़ा दुकान, गिफ्ट कार्नर, प्रसाधन सामग्री दुकान में भीड़ देखी गई।

# शराब के पैसों के लिए मारपीट करने वाले तीन शातिर युवक चढ़े पुलिस के हत्थे



पुलिस अभिरक्षा में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शराब पीने के लिए पैसे की मांगकर मारपीट करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बलौदा थाना का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर की रात्रि 8 बजे करीबन आरोपी सत्यप्रकाश पाटले, सलीन कुर्रे, रामसाय नारंग तीनों भवानी पेट्रोल पंप के आये और प्रार्थी धर्मेन्द्र सिंह के पास शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। मना करने पर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किये जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना बलौदा में धारा 119(1),296, 351(2),115(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपीयों का पतासाजी कर उनके सकुनत से पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पुछताछ करने पर दिनांक घटना को प्रार्थी से पैसे की मांग करना नही देने पर मारपीट करना स्वीकार किये है आरोपीगणों के विरूद्ध अपराध धारा सदर का पर्याप्त सबूत पाये जाने विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी बलौदा निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव, सउनि प्रतिभा राठौर, प्रधान आरक्षक गजाधर पाटनवार, आरक्षक श्याम राठौर, रोहित साहु, पदमराज सिंह, रामकुमार कवंर, पुनेष्वर आजाद, बृजपाल बर्मन एवं थाना बलौदा स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### राग यमन पर आधारित भजन मासिक गुंजन कोमल ऋषभ 26 को

**बिर्रा**। संस्कार भारती जिला सक्ती के निर्देशन पर शारदा संगीत महा विद्यालय बिर्रा में राग यमन पर आधारित भजन एवं गीत संगीत का आयोजन मासिक गुंजन ₹कोमल ऋषभ कार्यक्रम के अन्तर्गत रविवार 26 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से शारदा संगीत महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुति दी जावेगी। मुख्य अतिथि के रूप में पंडित धनेश कुमार मिश्रा संचालक वन्दे मातरम स्कूल ,अध्यक्षता के.आर.कश्यप प्राचार्य गुरु घासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद,विशिष्ट अतिथि के रूप में बुद्धेश्वर कश्यप समाज सेवक एवं वरिष्ठ शिक्षक एवं शैलेश दुबे जिला सचिव ब्राह्मण समाज, विशालनाथ तिवारी सेवानिवृत प्रधान पाठक , तोषण प्रसाद तिवारी सेवानिवृत प्राचार्य रहेंगे।

### परेशानी का सबब बना नैला फाटक...



**जांजगीर-चांपा**। नैला रेलवे फाटक इन दिनों परेशानी का सबब बना हुआ है। फाटक बंद होते ही गाड़ियों की लंबी कतारे लग जाती है। जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### राज्योत्सव को लेकर स्थानीय कलाकारों से आवेदन 30 तक

**जांजगीर-चांपा**। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर राज्योत्सव के अवसर पर 2 नवम्बर से 4 नवम्बर तक हाई स्कूल मैदान जांजगीर में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक विविधता और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय कलाकारों से प्रस्तुति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन कार्यालयीन दिवस में जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा जांजगीर-चांपा, आरटीओ ऑफिस के सामने में 30 अक्टूबर शाम 5 बजे तक जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ कलाकारों को अपनी प्रस्तुति का संक्षिप्त विवरण एवं आवश्यक विवरण उपलब्ध कराना होगा।

# जर्जर सड़क के मुद्दे को लेकर कांग्रेसी करेंगे कलेक्टोरेट का घेराव, प्रशासन ने की चाक चौबंद व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के जर्जर सडकों की अतिशीघ्र मरम्मत तथा स्वीकृत नए कार्यो को प्रारंभ कराने की मांग को लेकर विधायक के नेतृत्व में शुक्रवार 24 अक्टूबर को कलेक्टोरेट का घेराव किया जाएगा। इस सूचना के साथ ही पुलिस व प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर आ गया है और कलेक्टोरेट मार्ग पर बेरिकेटिंग करके सुरक्षा के इंतजाम किए गए है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के 4 प्रमुख मांगों को लेकर विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट घेराव का कार्यक्रम रखा गया है। इस दौरान बजट में शामिल अकलतरा बाईपास सड़क को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर तत्काल प्रारंभ करने बलौदा बाई पास से शेष कार्यो को शीघ्र पूरा करने बलौदा नैला (जर्वे-जावलपुर) सडक मार्ग की तत्काल मरम्मत अथवा नवीनीकरण और क्षेत्र के तरौद-किरारी, खोंड-कटनई, पोड़ी-मधुवा, लटिया-कल्याणपुर एवं मरम्मत योग्य क्षेत्र की सभी सड़कों की शीघ्र मरम्मत की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा जाएगा। इधर कांग्रेसियों के कलेक्टोरेट घेराव की सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक अमला अलर्ट हो गया है। कलेक्टोरेट मार्ग पर बेरिकेटिंग करके उसे वन वे किया गया है। इसके अलावा मुख्य द्वार पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

## आने जाने वाले यात्रियों को होती है परेशानी, जहां-तहां करते है गाड़ियों का इंतजार

# खंडहर में तब्दील हो रहा यात्री प्रतीक्षालय, मरम्मत पर नहीं ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा



यात्री प्रतीक्षालय में टूटी पड़ी कुर्सियां।

दुरपा ग्राम पंचायत में निर्मित यात्री प्रतिक्षालय बदहाली की स्थिति में पहुंच चुका है। कभी यात्रियों के लिए आराम और ठहरने की सुविधा प्रदान करने वाला यह प्रतिक्षालय अब टूट-फूट का शिकार हो चुका है। टूटी फूटी कुर्सी इस बात का सबूत हैं कि इस सार्वजनिक संपत्ति की ओर लंबे समय से किसी ने ध्यान नहीं दिया।

रोजाना बस या अन्य वाहनों का इंतजार करने वाले ग्रामीणों, छात्रों, बुजुर्गों और महिलाओं को खुले आसमान के नीचे धूप, बरसात और सर्द हवाओं में घंटों खड़े रहना पड़ता है। देखरेख के अभाव में असामाजिक तत्वों का कब्जास्थानीय लोगों के अनुसार, इस प्रतिक्षालय की मरम्मत या सफाई कार्य वर्षों से नहीं हुआ है। नतीजतन अब यह जगह असामाजिक तत्वों का ठिकाना बन गई है। रात के समय यहां नशाखोरी, तोड़फोड़ और गंदगी जैसी गतिविधियां आम हो गई हैं। कुछ स्थानीय युवाओं ने बताया कि प्रतिक्षालय की ऊपरी छत और कुर्सी तोड़ दिए गए हैं। ग्राम पंचायत और प्रशासन की लापरवाही के कारण यह सार्वजनिक स्थल अब भय और असुविधा का केंद्र बन गया है। ग्रामवासियों ने पंचायत और संबंधित विभाग से बार-बार शिकायत की है कि यात्री प्रतिक्षालय की तत्काल मरम्मत करवाई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने यह भी मांग की है कि प्रतिक्षालय की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्थानीय प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी सवाल उठ रहे हैं। करोड़ों रुपये की सरकारी योजनाओं के बीच एक छोटा सा प्रतिक्षालय भी दुरुस्त न हो पाना विकास की वास्तविक तस्वीर बयां करता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फ एक प्रतिक्षालय का मामला नहीं, बल्कि सरकारी संपत्ति की उपेक्षा और जवाबदेही की कमी का उदाहरण है। लोगों की उम्मीद है कि जिम्मेदार अधिकारी इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द प्रतिक्षालय की मरम्मत करवाकर यात्रियों को राहत देंगे। दूरपा ग्राम पंचायत का यात्री प्रतिक्षालय सिर्फ एक जर्जर भवन नहीं,बल्कि प्रशासनिक उदासीनता का प्रतीक बन चुका है।

# अवैध कारोबारियों का गढ़ बन रहा शहर सहित नजदीकी एरिया, पुलिस की कार्यशैली पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर सहित आसपास का एरिया इन दिनों अवैध कारोबारियों का गढ़ बनते जा रहा है। ना केवल जुआ और सट्टा बल्कि अवैध शराब का कारोबार भी बेरोक टोक पनपने लगा है। वहीं जिम्मेदार कोतवाली पुलिस हाथ पर हाथ धरी बैठी है। ऐसे में पुलिस की कायेशैली पर सवाल उठने लगे है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा की मंशा अनुसार जिले के पुलिस कप्तान पुलिस की कार्यशैली में कसावट लाने जहां लगातार प्रयास कर रहे है। वहीं जिला मुख्यालय में कोतवाली पुलिस की मनमानी और लचर कार्यशैली इस पर पलीता लगाने का काम कर रही है। आलम यह है कि थाना के आसपास ठेले खोमचों में शाम ढलते ही शराब परोसने का काम शुरू हो जाता है। यही नहीं शहर के कचहरी चौक और विवेकानंद मार्ग के चिन्हिंत स्थानों पर शराब की बिक्री होती है। इसके अलावा नहरिया बाबा मार्ग, पेण्ड्री नहर पार, बनारी रोड, केरा रोड, खोखरा रोड, शारदा चौक आदि जगहों पर भी पियक्कडों का जमावड़ा होता है। ऐसा भी नहीं है कि इसकी जानकारी पुलिस को ना हो। सूत्रों की माने तो सारा कारोबार पुलिस की बिना संरक्षण की संभव नहीं है। इसके अलावा शहर सहित आसपास के बड़े गांवों में जुए की फड भी जमने लगी है।

## खबर संक्षेप

### इंडियाज गोट टैलेंट सीजन 11 में जिले की सृष्टि का चयन



**कोरबा।** सोनी टीवी का प्रसिद्ध शो इंडियाज गोट टैलेंट सीजन 11 में प्रदेश की म्यूजिकल टीम द रियल सिंफनी एंड एक्वायर (बैंड) द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई। जिसमें जिले की सृष्टि शर्मा का चयन सेमीफाइनलिस्ट रही। जिसे 19 अक्टूबर को सोनी टीवी द्वारा उक्त शो को दिखाया गया। सृष्टि शर्मा ने छत्तीसगढ़ के 20 कलाकारों के साथ बैंड रियल सिम्फनी और क्वायर के साथ इंडिया गॉट टैलेंट सीजन 11 के मंच पर सिंगर के रूप में अपनी प्रस्तुति दी। जिसमें गोल्डन बजर की प्राप्ति के साथ सेमीफाइनलिस्ट रही। उन्होंने अपनी प्रस्तुति को देते हुए जजों और श्रोताओं का दिल जीता। जिसमें जजों के द्वारा मंच पर गोल्डन बाजर के साथ सेमी फाइनलिस्ट घोषित किया गया और जजों के द्वारा मंच पर कलाकारों को गले लगाते हुए प्रोत्साहित किया। सृष्टि शर्मा मानिकपुर निवासी मीनेष शर्मा एवं किरण शर्मा की सुपुत्री हैं।

### साडा स्कूल के छात्राओं ने केसीसी कॉलेज का किया शैक्षणिक भ्रमण




**कोरबा।** कोरबा कम्प्यूटर महाविद्यालय (केसीसी) कॉलेज में शासकीय कन्या उमा विद्यालय साडा के छात्र/छात्राएँ, व्याख्याता अनिल शर्मा के निर्देशन में, आरएमएसए के तहत संचालित, व्यवसायिक पाठ्यक्रम आईटी में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कैरियर एवं आईटी के क्षेत्र में वर्तमान में डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स की जानकारी के अलावा कम्प्यूटर विषय की गहन जानकारी जो कि उनके आने वाले भविष्य में मददगार होंगे, महाविद्यालय के शिक्षक सुरभि राठौर, सुरभि कुण्डू एवं रीना लहरे द्वारा दी गई। इस शैक्षणिक भ्रमण में महाविद्यालय के निर्देशक राजेश अग्रवाल के द्वारा आने वाले समय में आई टी के क्षेत्र में विद्यार्थियों के क्या भविष्य है इस संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उपरोक्त प्रशिक्षण के दौरान लगभग 115 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा विद्यार्थियों को कम्प्यूटर लैब, सेमीनार हॉल, लायब्रेरी एवं अन्य कक्षों का भ्रमण कराया गया तथा कम्प्यूटर लैब में छात्रों को कम्प्यूटर लैंग्वेज एवं विभिन्न सॉफ्टवेयर की जानकारी रोचक तरीके से दी गई। शैक्षणिक भ्रमण में महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगणों एवं अन्य कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

### कैबिनेट मंत्री व राजस्व मंत्री का सतनामी समाज ने किया स्वागत



**कोरबा।** गत दिनों छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग व सतनामी समाज के धर्मगुरु और छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा का कोरबा नगर आगमन होने पर जिले के सतनामी समाज के वरिष्ठजनों ने स्वागत किया। साथ ही समाज की गतिविधियों को लेकर चर्चा किया इस बीच सतनामी समाज के वरिष्ठजनों में अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े नारायण लाल कुर्रे, यू आर महिलांगे, आरडी भारद्वाज, नरेश टंडन, राजेश लहरे, बबलू डहरिया, सुनीता पाटले, सरजू, अजय राज महंत, रामचंद्र पाटले, जेपी कोसले, लखनलाल लहरे, त्रिवेंद्र आदिले सहित समाज के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी ने स्वागत किया। गुरु खुशवंत साहिब ने उपस्थित सैन समाज को संबोधित करते हुए कहा कि निश्चित रूप से समाज की किसी भी प्रकार की कोई समस्या होगा तो मैं उसे निराकरण करने में हरसंभव प्रयासरत रहूंगा लेकिन आप सभी को सदैव संगठित होकर रहना पड़ेगा तभी समाज का विकास संभव हो पाएगा। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मान गोपाल मोदी पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव सिंह, दिनेश वैष्णव, प्रकाश पालीवाल के साथ ही बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

जाँजगीर मार्केट

फ्री फ्री ऑफर 66% छूट
बॉन्डेड कॉब रेडिमेड कपडा शोरूम
1 कपड़ा खरीदने पे
2 फ्री
कॉब कम्पनी के जूते
999/- मात्र
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
प्रो. आदित्य शंकर सिंघानिया
मो. 6260115021, 9302362173

## भूविस्थापितों ने लिया शोषण के खिलाफ लड़ाई तेज करने का संकल्प, धरना जारी

# दीपावली पर भू-विस्थापितों का अनोखा प्रदर्शन सीजीएम की तस्वीर की पूजा कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा और कुसमुंडा क्षेत्र के भूविस्थापितों ने महाप्रबंधक कार्यालयों के सामने दीप जलाकर अनोखे तरीके से अपना विरोध प्रदर्शन जताया। दीपावली पर्व पर भी भूविथापितों द्वारा अपनी मांगों को लेकर गेवरा क्षेत्र के भिलाई बाजार और कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन जारी रखा गया है। भूविस्थापितों ने गुरूवार को गेवरा खदान बंद आंदोलन की चेतावनी दी है।

एसईसीएल गेवरा और कुसमुंडा क्षेत्र के भूविस्थापितों ने दीवाली के समय भी एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के भिलाई बाजार के पास और कुसमुंडा मुख्यालय पर धरना जारी रखा है। वे अधिग्रहित भूमि के एवज में लंबित रोजगार, प्रत्येक छोटे खातेदार को रोजगार देने और प्रत्येक विस्थापितों को बसावट की मांग कर रहे हैं। जिन लोगों ने अपनी जमीन देकर देश-दुनिया को रोशन करने का काम किया और जिले को ऊर्जाधानी के रूप में पहचान दिलाई, आज वहीं परिवार रोजगार के लिए भटक रहे हैं। इसलिए भूविस्थापितों ने एसईसीएल के मुख्यालयों पर दीप जलाकर विरोध प्रकट किया और एसईसीएल के दमन और तानाशाही के खिलाफ 23 अक्टूबर को गेवरा खदान बंद करने का ऐलान किया है। इस दीवाली पर भूविस्थापितों ने मुख्यालय गेट पर दीप जलाकर शोषण के खिलाफ अपने संघर्ष को तेज करने का संकल्प लिया। कुसमुंडा मुख्यालय के सामने दीप जलाने वालों में प्रमुख रूप से दामोदर श्याम, रेशम यादव, होरी, कृष्णा और गेवरा मुख्यालय में दीपक साहू, रमेश दास, गुलाब दास, प्रशांत झा, बिमल दास, पवन, प्रकाश, हीरा सिंह, सतीश, कैलाश, देवलाल चंद्रा, पवन के साथ अन्य भूविस्थापित किसान उपस्थित थे। एसईसीएल गेवरा प्रबंधन द्वारा नव सूत्रीय मांगों को अनसुना करते हुए विरोध के बावजूद पुलिस और प्रशासन की मदद से जबरन खदान विस्तार का काम शुरू किया है, जिसके विरोध में 23 अक्टूबर को गेवरा खदान बंद की घोषणा छत्तीसगढ़ किसान सभा ने की है और प्रत्येक छोटे खातेदारों को एकजुट होकर आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा कि प्रत्येक छोटे खातेदार को रोजगार देने और प्रत्येक विस्थापितों को बसावट सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। उन पर कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है इसके उलट, ग्रामीणों पर दबाव बनाने और उन्हें डराने-धमकाने का काम किया जा रहा है, प्रशासन का सहारा लेकर बंदूक की नोंक पर खदान विस्तार का काम किया जा रहा है जिसका किसान सभा विरोध करती है। गेवरा खदान से प्रभावित भूविस्थापित मांग करते हैं कि प्रशासन तुरंत इस जबरन खोदाई को रोके और उनकी मांगों पर तत्काल सकारात्मक निर्णय ले।







गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय के सामने दीप प्रज्जवलित कर विरोध प्रदर्शन करते भूविस्थापित एवं किसान सभा के पदाधिकारी।

### महिला भूविस्थापितों ने शुरू की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल



एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित महिला भूविस्थापितों ने रोजगार की मांग को लेकर दीपावली पर्व से कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रबंधन द्वारा रोजगार के खिलाफ किए गए वादाखिलाफी को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। इस दौरान महिला भूविस्थापितों ने कुसमुंडा महाप्रबंधक की तस्वीर लगाकर उसके सामने रंगोली बनाई और दीप प्रज्वलित कर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। भूविस्थापितों ने आरोप लगाया है कि एसईसीएल प्रबंधन द्वारा पिछले 22 वर्षों से उनकी अधिग्रहित भूमि के बदले मिलने वाले रोजगार के लिए बार-बार गुमराह किया जा रहा है और झूठे आश्वासन दिए जा रहे हैं उनका कहना है कि जानकारी मांगने पर भी उन्हें कोई सूचना नहीं दी जाती है, जिससे वे मानसिक और आर्थिक रूप से त्रस्त हो चुके हैं उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि एसईसीएल के अधिकारियों द्वारा जमीन-जायदाद को गुमराह करके छीन लिया गया है, जिससे वे भूखे रहने पर मजबूर हैं और उनके बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने वाली महिलाओं में गोमती केंवट, बसंती बाई बिंझवार, सरिता मंझवार, मीना बाई कंवर, इंद्राबाई गोसाई, काजल सारथी, कुमारी अदिति, कुमारी मानसी, सहरतीन बाई मंझवार, सूरज बाई, रामकुंवर बिंझवार, टिकेत राम बिंझवार, अनीता गोसाई शामिल हैं।

# उद्योग मंत्री ने 52 लाख के विकास कार्यों की दी सौगात



भूमिपूजन के दौरान उद्योग मंत्री, महापौर एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग, वाणिज्य, श्रम व आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम के वार्ड क्र. 54 व 55 को साढे.52 लाख रूपये के विकास कार्यों की सौगात दी। दर्री जोन के सुमेधा बस्ती में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री देवांगन ने 3 नए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। तत्काल कार्य प्रारंभ कर पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य संपादन करते हुए समयसीमा में कार्यों को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

निगम द्वारा वार्ड क्र. 54 जमनीपाली अंतर्गत प्राथमिक शाला बरेड़ीमुडा में जिला खनिज न्यास मद से 16 लाख 95 हजार रूपये की लागत से शाला के नवीन भवन का निर्माण किया जाना हैं। वहीं वार्ड क्र. 54 जमनीपाली के ही अंतर्गत प्राथमिक शाला डुमरमुड़ा में जिला खनिज न्यास मद से 16 लाख 95 हजार रूपये की लागत से शाला में नवीन भवन का निर्माण होना हैं। इसी प्रकार वार्ड क्र. 55 सुमेधा में पार्षद निवास के सामने निगम मद से 18 लाख 50 हजार रूपये की लागत से नाली का निर्माण भी किया जाना हैं। भूमिपूजन के दौरान उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने तीनों विकास कार्यों का भूमिपूजन कर शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया तथा शीघ्र कार्य प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा की गई। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, मण्डल अध्यक्ष मनोज लहरे सहित निगम के पार्षद व जनप्रतिनिधिगण तथा काफी संख्या में बस्ती के नागरिकगण उपस्थित थे।

### नहीं टूटेगा जनता जनार्दन का भरोसा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं मेरे प्रति जो भरोसा दिखाया है, वह भरोसा कभी नहीं टूटने दिया जाएगा, यह निश्चित है। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के लगातार मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र के सभी वार्ड, बस्तियों, मोहल्लों, पारों में वहां के आमजन की मंशा व उनकी मांग के अनुसार लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं, जो आगे भी जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि 52 लाख 40 हजार रूपये के नए विकास कार्य शुरू हुए हैं, जो उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन की ही देन है।

# कोरबा चांपा एनएच में जानलेवा गड्डे दे रहे हादसों को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 149 बी कोरबा-चाम्पा में एनएचएआई प्रबंधन की उदासीनता, ठेकेदार की लापरवाही आम जनता पर भारी पड़ रही। मड़वारानी मंदिर से लगे सर्विस रोड तकनीकी मानकों गुणवत्ता की अनदेखी से जानलेवा बन चुकी है। अधुरे सड़क, सर्विस रोड के साथ टोल प्लॉजा के जरिए टोल वसूली में मस्त एनएचएआई के जिम्मेदार अफसरों, ठेकेदार की मनमानी की वजह से जर्जर सर्विस रोड गंभीर दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। वहीं प्रशासन की मूकदर्शक वाली भूमिका आस्था के साथ मंदिर पहुंचने वाले लोगों के मन में शासन प्रशासन के प्रति अविश्वास की भावना उत्पन्न कर रही है।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 149 बी कोरबा-चाम्पा मार्ग के स्वीकृति से लेकर तैयार होने में जिस तरह का लंबा इंतजार, कष्ट मड़वारानी, बरपाली वासियों को सहन करने पड़े हैं, शायद ही किसी प्रोजेक्ट में देखने को मिले। लेकिन देर सबेर जब उरगा से सरायपाली तक फोरलेन तैयार हुई है तो उसमें भी आधी अधूरी सर्विस रोड के बीच 2 माह पूर्व ही पचपेड़ी में टोल प्लॉजा शुरू कर टोल वसूली शुरू कर दी गई है। एनएचएआई के इस मनमानी के खिलाफ विरोध के स्वर भी फूटे थे, लेकिन वो भी कुछ समय बाद ठंडे पड़ गए और मार्ग में टोल वसूली की जा रही है, जबकि बरपाली में एवं मड़वारानी में पूरी तरह डामरीकृत सर्विस रोड तैयार नहीं किया जा सका है। बरपाली में अंडर ब्रिज से आगे का हिस्सा राइस मिल के कोर्ट प्रकरण की वजह से अटका है तो उसी लाइन के शेष अविवादित हिस्से में भी एनएचएआई के फर्म ने सर्विस रोड का पक्कीकरण नहीं किया। बात करें मड़वारानी की तो यहां सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मड़वारानी मंदिर से लगे सर्विस रोड के निर्माण में इस कदर गुणवत्ता की अनदेखी कर ठेकेदार ने खानापूर्ति की थी कि पहली ही बरसात में ही सर्विस रोड की धज्जियाँ उड़ गई। बरसात भर मुसाफिरों, माँ मड़वारानी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं व स्थानीय निवासियों को जर्जर सर्विस रोड में हिचकोले खाने पड़े। लेकिन अब बरसात बीतने के बाद भी एनएचएआई सर्विस रोड की सुध नहीं ले रही। मंदिर में पूजन सामाग्री विक्रेताओं ने बताया कि बरसात के पूर्व अफसरों ने आश्वस्त किया था कि बरसात के बाद सर्विस रोड की मरम्मत कराई जाएगी पर अभी तक वे अपने वादों पर अमल नहीं कर सके। नतीजन मुसाफिरों मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की मुसीबतें बढ़ गई है। सड़क में जमा पानी, कीचड़ भी वाहनों के चलने से निर्माणाधीन मंदिर तक आ पहुंचते हैं। जिससे लोगों की आस्था भी आहत हो रही है।

# सतनाम प्रांगण में 64 लाख से बनेगा डोम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



टीपी नगर स्थित सतनाम प्रांगण में विधायक निधि से 64 लाख रूपये की लागत से भव्य व विशाल डोम का निर्माण कराया जाएगा। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने उक्त महत्वपूर्ण डोम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, मंत्री श्री देवांगन ने इस मौके पर बाबा गुरूघासीदास व जैतखंभ की पूजा अर्चना भी की तथा नगर के अमनचैन व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। निगम द्वारा उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन की विधायक निधि द्वारा स्वीकृत व 64 लाख रूपये की लागत से टीपी नगर स्थित सतनाम प्रांगण में भव्य व विशाल डोम का निर्माण कार्य कराया जाना हैं। मंगलवार को आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने बतौर मुख्य अतिथि उक्त निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पूर्व समाज के वरिष्ठजनों से चर्चा के दौरान मैंने वादा किया था कि विधायक निधि से सतनाम प्रांगण में भव्य डोम का निर्माण कराया जाएगा, बाबा गुरूघासीदास के आशीर्वाद से आज यहां पर उक्त डोम निर्माण कार्य का भूमिपूजन सम्पन्न किया गया है। बाबा गुरूघासीदास हम सबको शक्ति प्रदान करें कि उनके आशीर्वाद से हम आमजन मानस के हित में लगातार कार्य करें, जिले व प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, लक्ष्मण श्रीवास, एमआईसी सदस्य धनकुमारी गर्ग, पार्षद प्रेमलता बंजारे, सरोज महिलांगे, सुशील गर्ग, केके लहरे, आरके खाण्डे, मण्डल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, दर्री मण्डल अध्यक्ष मनोज लहरे, नारायण लाल कुर्रे, यूआर महिलांगे, मीना लहरे, सुकुरत कुर्रे, पुष्पा आदिले, एसडी दीवान, अंकित पाटले, सरजू अजय, रमाशंकर साहू, विजय गुप्ता, सुनीता पाटले, बरखा कुर्रे सहित अन्य उपस्थित थे।

**खास बात**

- उद्योग मंत्री ने किया भूमिपूजन, बाबा गुरुघासीदास व जैतखंभ की पूजा अर्चना की

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, ह्दयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661


राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी., ई.ई.जी., स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गॉलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# बच्चों के साथ करीना-सैफ ने खास तरह से मनाई दिवाली

**मुंबई।** आम लोगों की तरह कई बॉलीवुड सेलेब्स ने खूब धूमधाम से दिवाली का त्योहार मनाया है। किसी ने बेहतरीन आउटफिट में अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं तो किसी ने लोगों को शुभकामनाएं दीं। ऐसे में करीना कपूर ने अपने बच्चों के साथ खास तरह से दिवाली मनाई है। करीना अपने बच्चों और सैफ अली खान के साथ एक किड्स क्लब में पहुंचीं और सादगी से उत्सव मनाया। करीना कपूर ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर कर अपने फैंस को चौंका दिया। एक तस्वीर में करीना कपूर बिना मेकअप के नजर आ रही हैं। एक- दूसरी तस्वीर में सैफ रैक से कुछ उठा रहे हैं।

लाइफ Style

# अनीत

## शक्ति शालिनी में अदा करेंगी लीड रोल

यशराज फिल्म्स की 'सैयारा' में अनीत पड्डा ने लीड रोल अदा किया। इस फिल्म ने उनके कॅरियर को बुलंदी पर पहुंचा दिया है। अब उनकी एंट्री मैडॉक फिल्म्स के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स में हो गई है। दरअसल, मैडॉक की 'थामा' थिएटर्स में रिलीज हो गई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म के आखिर में मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अगली फिल्म 'शक्ति शालिनी' का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया गया। फिल्म में अनीत पड्डा लीड रोल अदा करेंगी। मैडॉक फिल्म्स ने 'थामा' की स्क्रीनिंग के दौरान 'शक्ति शालिनी' का आधिकारिक अनाउंसमेंट वीडियो शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट बताई है। साथ ही साफ कर दिया कि फिल्म में सैयारा फेम अनीत पड्डा लीड रोल करेंगी। पहली फिल्म में कियारा आडवाणी यह रोल अदा करने वाली थीं। मगर, अब अनीत की झोली में यह किरदार आ गिरा है। फिल्म 'शक्ति शालिनी' अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अनाउंसमेंट वीडियो में दी गई जानकारी के मुताबिक यह फिल्म 24 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी। साझा किए गए वीडियो में 'या देवी सर्वभूतेषु' मंत्र सुनाई दे रहा है। इसके साथ स्क्रीन पर लिखा है, 'रक्षक, विध्वंसक, सभी की मां। आगे लिखा है, 'शक्ति शालिनी' में अनीत पड्डा। 'शक्ति शालिनी' में अनीत पड्डा की एंट्री पर उनके फैंस काफी खुश हैं। नेटिजन्स अनीत को बधाई दे रहे हैं। साथ ही लिख रहे हैं, 'उम्मीद है कि यह फिल्म शानदार साबित होगी'। बात करें फिल्म 'थामा' की तो इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।



हॉलीवुड मसाला



# प्रियंका-निक ने की लक्ष्मी पूजा

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने विदेश में परिवार और दोस्तों के बीच दिवाली का त्योहार सेलिब्रेट किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय परंपराओं का ध्यान रखा। अभिनेत्री ने बिटिया मालती मैरी के साथ बाकायदा घर की सजावट की। फिर परिवार के साथ लक्ष्मी पूजन किया। इसके बाद दोस्तों और परिवार के साथ दिवाली का जश्न मनाया। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने दिवाली बैश की झलकियां साझा की हैं। प्रियंका चोपड़ा मालती, निक जोनस के साथ लक्ष्मी पूजन कर रही हैं।



# प्रतिभा के धनी थे डोल्डिंगर दास बूट से मिली सफलता

**लॉस एंजिल्स।** वुल्फगैंग पीटरसन की 'दास बूट' और क्लासिक फिल्म 'द नेवरएंडिंग स्टोरी' के प्रतिष्ठित साउंडट्रैक को तैयार करने के लिए जाने जाने वाले महान जर्मन सैक्सोफोनिस्ट और संगीतकार क्लॉस डोल्डिंगर का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। डोल्डिंगर को फिल्मों में सफलता पीटरसन की सबमरीन ड्रामा फिल्म 'दास बूट' से मिली, जो 1981 में रिलीज हुई थी। उनके विरल, इलेक्ट्रॉनिक-रंग वाले साउंडट्रैक ने उन्हें काफी पहचान दिलाई। सिर्फ तार, पीतल और ताल वाद्यों वाले एक न्यूनतम ऑर्केस्ट्रा समूह की पृष्ठभूमि में, संगीतकार ने शुरुआती सिंथेसाइजर का इस्तेमाल करके एक ऐसा ध्वनि परिदृश्य तैयार किया। जो सोनार स्पंदनों, इंजन ड्रोन और द्वितीय विश्व युद्ध के यू-बोट के अंदर के धातुमय वातावरण को दर्शाता है। 12 मई, 1936 को बर्लिन में जन्मे क्लॉस डोल्डिंगर ने पियानो और क्लैरिनेट की शिक्षा ली थी।



# बॉयफ्रेंड राज के साथ शेयर कीं तस्वीरें

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु लाखों दिलों पर राज करती आ रही हैं। हाल ही में दिवाली के अवसर पर सामांथा ने अपनी कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किए। सामंथा की इस पोस्ट ने इंटरनेट पर धूम मचा दी। अभिनेत्री ने दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कई तस्वीरें शेयर कीं, लेकिन सबका ध्यान खींचा उनके कथित प्रेमी राज निदिमोरु के साथ उनकी तस्वीर ने। सामंथा रुथ प्रभु ने इस दिवाली पर इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं। लेकिन उनमें से एक तस्वीर अपने कथित प्रेमी राज निदिमोरु के साथ शेयर की है। जिससे यह साफ हो जाता है कि सामंथा ने दिवाली राज के साथ भी मनाई। सामंथा ने पोस्ट में लिखा, 'कृतज्ञता से भरी हुई।' सामंथा और राज निदिमोरु के रिश्ते की खबरें अक्सर चर्चा में रहती हैं, लेकिन दोनों ने इस बारे में कुछ नहीं कहा।



# अंग्रेजों के दौर की लाएंगे कहानी

**मुंबई।** प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'द राजा साब' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच प्रभास अपनी एक और नई फिल्म को लेकर चर्चा में आ गए हैं। बुधवार को, टीम ने टाइटल का एक टीजर पोस्टर जारी किया। माना जा रहा है कि इसका टाइटल 'फौजी' होगा। हालांकि, नए पोस्टर में प्रभास का पूरा लुक नहीं दिखाया गया है। इसमें ग्रेट ब्रिटेन का झंडा देखा जा सकता है। पोस्टर के कैप्शन में लिखा है '1932 से मोस्ट वांटेड।' ऐसे में माना जा रहा है कि यह फिल्म ब्रिटिश शासन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा होगी। इसमें प्रभास संभवतः एक स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका निभा सकते हैं। इससे पहले एक पोस्टर जारी किया गया था जिसमें बंदूकों का ढेर लगा था। इसके ऊपर एक शख्स की परछाई थी। इसमें दिवाली की शुभकानाएं भी दी गई थीं।

टीवी मसाला



# केबीसी में पहुंचीं ठेला लगाने वाले की बेटी

**नई दिल्ली।** शो केबीसी 17 में कई प्रतियोगी आते हैं, जो अपने संघर्ष की कहानी अमिताभ बच्चन को सुनाते हैं। हालिया साझा किए गए एक प्रोमो में बिहार से संबंध रखने वाली प्रियंका कुमारी 'केबीसी 17' की हॉट सीट पर बैठीं। प्रियंका ने चाटा का ठेला लगाने वाले अपने पिता के स्ट्रगल को अमिताभ बच्चन को बताया। जिसे सुनकर अमिताभ ने प्रतियोगी के पिता की सराहना की। केबीसी 17 के प्रोमो में प्रियंका कुमारी अमिताभ बच्चन से कहती हैं, 'मैं एक स्टूडेंट हूं, सिविल सेवा की तैयारी करती हूं। मैं चाहती थी कि कुछ भी हो अपना खर्चा खुद उठा सकूं। पापा के ऊपर बोझ न बनूं।' वह आगे कहती हैं, 'मैं ट्यूशन देती हूं जिससे कुछ कमाई हो सके, जिसमें मैं पापा को सपोर्ट कर सकूं।' ऑडियंस के बीच बैठे अपने पिता की तरफ इशारा करते हुए प्रियंका ने आगे कहा, 'आज मेरे साथ जो आए हैं, वो मेरे जीवन के असली हीरो हैं। मेरे पापा। वह चाट का ठेला लगाते हैं। बाकी सभी को छुट्टी मिलती है, रविवार को छुट्टी मिलती है, त्योहारों पर मिलती है, लेकिन मेरे पापा कभी छुट्टी नहीं लेते हैं। धूप हो, बारिश हो, कोई भी मौसम हो, कुछ भी हो वो हमेशा काम पर जाते हैं। और उनकी मेहनत और उनका सपोर्ट आज मुझे यहां तक लेकर आया है।' अमिताभ बच्चन ने प्रियंका कुमारी के पिता को देखकर कहा, 'बेटी के बारे में आप इतना सोच रहे हैं, ये बहुत ही गर्व की बात है।' आगे प्रियंका कुमारी के पिता ने बताया कि लोग कहते हैं कि बेटी को क्यों पढ़ा रहे हो लेकिन वह ऐसा नहीं सोचते हैं। वह कहते हैं, 'देखिए, बेटी की वजह से ही मैं आज आप जैसी महान हस्ती को साक्षात देख पा रहा हूं।'

## फरहाना के साथ तू-तड़ाक पर उतरीं मालती

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के नए प्रोमो में मालती चाहर और फरहाना भट्ट किसी बात पर लड़ती दिख रही हैं। मालती ने फरहाना से कहा, हम लोग तुम्हारे ऊपर मजाक बनाते हैं कि तुम्हें कोई भी आसानी से प्रयोग कर लेता है। इसके जवाब में फरहाना कहती हैं, कौन करता है ऐसा नाम बोलो। फिर मालती ने कहा, इतने देर में तुम्हें पता नहीं चला, मुझे नाम याद नहीं रहता यहां पर कि कौन क्या बोल रहा है। इसपर फरहाना ने कहा, यही तुम्हारी दिक्कत है कि तुम्हें कोई चीज याद नहीं रहती फिर तुम अपनी कहानियां बनाती हो। इसके बाद मालती फरहाना को कई उदाहरण देते हुए कहती हैं उन्हें कोई कुछ भी बोलता है, तो वो सीधे मान लेती हैं। शो का एक और प्रोमो सामने आया है, जिसमें नेहल चुडासमा को बसीर अली के पैर पर सिर रखकर लेटा हुआ देखा जा सकता है। यह देख कुनिका ने कहा, 'इस पल को एंजाय करो दोस्तों और आगे का सोचो।




# अक्षय-ट्विंकल ने रोमांटिक अंदाज में मनाई दिवाली, कृति ने घर पर दी पार्टी

**नई दिल्ली।** दिवाली 2025 को बॉलीवुड के सितारों ने धूमधाम से सेलिब्रेट किया। किसी ने अपने प्रशंसकों से मुलाकात की, तो किसी ने परिवार संग तस्वीरें साझा कर इस त्योहार की झलक भी दिखाई है। इस कड़ी में शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, सोनम कपूर से लेकर कई सेलेब्स शामिल हैं।

***अक्षय-ट्विंकल ने मनाई दिवाली :*** अक्षय कुमार ने अपनी पत्नी ट्विंकल खन्ना के साथ दिवाली मनाई है। ट्विंकल खन्ना ने अक्षय कुमार के साथ अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह अक्षय कुमार को कुछ खिला रही हैं। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है 'लंदन में दिवाली। सब सज-धज कर तैयार हैं, लेकिन मिठाई नजर नहीं आ रही। अब असली मिठाई के साथ मंदिर जाएंगे। सभी को दिवाली की शुभकामनाएं। आपकी दुनिया रोशनी, प्यार और हंसी से भर जाए।'

***कार्तिक आर्यन :*** कार्तिक आर्यन ने खास अंदाज में दिवाली मनाते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह एक पिल्ले को चूम रहे हैं। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा 'हर दिवाली को एक छोटे से आर्यन की जरूरत होती है! अब तक का सबसे अच्छा दिवाली उपहार।






***कृति सेनन :*** कृति सेनन ने अपने करीबी लोगों के साथ दिवाली मनाई है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है 'प्यार, रोशनी, हंसी, लोगों से घिरे रहना, सुबह तक पंजाबी संगीत पर नाचना बहुत पसंद है! क्या यह साल का सबसे अच्छा समय नहीं है?'

***रश्मिका मंदाना :*** दिवाली के मौके पर अपनी तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए रश्मिका मंदाना ने लिखा है 'दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं। आप सभी को हमेशा प्यार और रोशनी भेजती हूं।'

***शाहरुख ने साझा की दिवाली की तस्वीर :*** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने एक्स अकाउंट पर एक तस्वीर साझा कर दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने लिखा, सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं। मां लक्ष्मी जी आप सभी को समृद्धि और खुशियां प्रदान करें। सभी के लिए प्रेम, प्रकाश और शांति की कामना करता हूं।

# दीपिका ने बेटी दुआ का पहली बार दिखाया चेहरा

**मुंबई।** इन दिनों पूरा देश दिवाली के उत्सव में डूबा है। कई बॉलीवुड सेलेब्स ने भी अपने-अपने हिसाब से दिवाली मनाई है। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने भी खास अंदाज में दिवाली मनाई है। दोनों ने एथनिक ड्रेस में अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। साथ ही अपनी बेटी 'दुआ पादुकोण सिंह' का चेहरा दिखाया है। दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ पादुकोण के साथ इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह अपनी बेटी को गोद में लिए हुए हैं। दुआ और दीपिका को रणवीर सिंह ने संभाला है। तीनों खुश लग रहे हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए दीपिका ने कैप्शन में लिखा है 'दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।' इस पोस्ट को कई यूजर्स लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट कर रहे हैं। दीपिका पादुकोण की तस्वीरों को कई सेलेब्स ने लाइक किया है और इस पर कमेंट किए हैं।



## 1970 के दशक से लेकर अभी तक हर किरदार में दर्शकों का किया मनोरंजन

# कॉमेडी के सरताज असरानी ने की इन फिल्मों में कमाल की अदाकारी

**शोले :** रमेश शिप्पी के निर्देशन में साल 1975 में 'शोले' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में असरानी ने जेलर की भूमिका निभाई थी। फिल्म में उनके संवाद 'हम अंग्रेजों के जमाने के जेलर हैं' अमर हो गया है। इस डायलॉग को आज की पीढ़ी भी धड़ल्ले से उपयोग करती है। दिवंगत अभिनेता ने इसे हिंदी सिनेमा के सबसे यादगार किरदारों में से एक बना दिया। फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, हेमा मालिनी मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

**चुपके चुपके :** ऋषिकेश मुखर्जी द्वारा निर्देशित फिल्म 'चुपके चुपके' में असरानी ने प्रशांत कुमार श्रीवास्तव की भूमिका अदा की थी। अभिनेता ने एक मजाकिया और चतुर आदमी का रोल किया था। उनके संवाद और कॉमेडी टाइमिंग ने दर्शकों को आकर्षित किया था।

**नमक हराम :** अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना और रेखा अभिनीत 'नमक हराम' फिल्म का निर्देशन ऋषिकेश मुखर्जी ने किया था। इस फिल्म में असरानी ने धोंधू की भूमिका निभाई थी। 1973 में रिलीज हुई इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म में असरानी के किरदार ने सभी का ध्यान खींच लिया था।

**भूल भुलैया :** प्रियदर्शन के निर्देशन में साल 2007 में 'भूल भुलैया' फिल्म रिलीज हुई थी। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में असरानी ने कर्मचारी मुरारी का किरदार निभाया था। अभिनेता ने इस मनोवैज्ञानिक कॉमेडी में अपनी कॉमेडी टाइमिंग से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था।



***नई दिल्ली।*** *असरानी, हिंदी सिनेमा का वो नाम थे, जिन्होंने अपनी हास्य प्रतिभा से हर पीढ़ी को गुदगुदाया। 1970 के दशक से लेकर अभी तक असरानी ने हर किरदार में दर्शकों का शानदार मनोरंजन किया। चाहे 'शोले' में जेलर की भूमिका हो या 'दे दना दन' में सुपारी किलर मामू की भूमिका हो। सभी किरदारों को उन्होंने मन से जिया। अब अभिनेता तो इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके रोल अमर हो गए हैं।*

***धमाल :*** *साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म 'धमाल' में असरानी ने नारी कॉन्ट्रैक्टर की भूमिका निभाई थी। इस कॉमेडी फिल्म में उन्होंने दर्शकों को खूब हंसाया था। फिल्म में संजय दत्त, अरशद वारसी, जावेद जाफरी जैसे कलाकार मौजूद थे। इस फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया था।*

***हेरा फेरी :*** *प्रियदर्शन के निर्देशन में साल 2000 में 'हेरा फेरी' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में असरानी ने बैंक मैनेजर की भूमिका निभाई थी। फिल्म में असरानी की अनुभवी कॉमिक टाइमिंग का फायदा मिला, उनकी सहायक भूमिका ने दर्शकों को हंसाया और कई यादगार क्षण बॉलीवुड के इतिहास में दर्ज हो गए।*

***खट्टा मीठा :*** *साल 2010 में रिलीज हुई 'खट्टा मीठा' में असरानी ने करोड़ीमल की भूमिका निभाई थी। फिल्म में अक्षय कुमार, तृषा कृष्णन और राजपाल यादव जैसे कलाकार मौजूद थे।*

***दे दना दन :*** *प्रियदर्शन के निर्देशन में साल 2009 में 'दे दना दन' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में असरानी ने सुपारी किलर मामू की भूमिका निभाई थी। फिल्म में असरानी के रोल को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था।*

## खबर संक्षेप

### सरदार वल्लभ भाई पटेल चौक निर्माण का जांजगीर चांपा विधायक ने किया निरीक्षण



**पामगढ़।** चंडीपारा के दुपट्टा चौक में प्रस्तावित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल चौक में चल रहे निर्माण कार्य का जांजगीर चाम्पा विधायक व्यास कश्यप ने निरीक्षण किया। इसके साथ ही समाज के लोगो से आवश्यक चर्चा की। सर्व कुर्मी समाज के प्रतिनिधियों से उन्होंने जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का आग्रह किया ताकि आने वाले 31 अक्टूबर को उनकी जयंती के अवसर पर अनावरण किया जा सके। निरीक्षण के दौरान उनके साथ डॉ हेमंत कश्यप, उदल कश्यप, व्यास वर्मा,फिरतराम कुर्मी, राजकुमार कौशिक, नोखराम कश्यप, महेन्द्र कश्यप, लव तिवारी,दिनेश थवाईत, तुलाराम कश्यप, महेन्द्र रायसागर उपस्थित थे ।

### सेमरिया में श्री अखण्ड नवधा रामायण 30 से, बहेगी भक्ति की धारा

**पामगढ़।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की गाथा कहने वाले श्री अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन ग्राम सेमरिया (भैंसों)में 30 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक आयोजित किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष जयराम प्रसाद कैवर्त ने बताया कि 8 नवम्बर को भव्य मानस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें शास्त्रीय संगीत, फिल्मी संगीत, एवं लोक संगीत के सभी विधाओं में अलग अलग प्रथम पुरस्कार 15001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 12001 रु,तृतीय पुरस्कार 8001 रु,चतुर्थ पुरस्कार 4001 रु एवं पंचम पुरस्कार 2501 रु के अलावा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार 1001 रु प्रदान किया जाएगा। इसी तरह सर्वश्रेष्ठ मंडली को 4001 रु,सर्वश्रेष्ठ गायक को 3001 रुपए, सर्वश्रेष्ठ तबला वादक को 3001 रु एवं सर्वश्रेष्ठ प्रवचन कर्ता को 3001 रुपए की राशि दी जाएगी। स्थानीय नारी शक्ति के लिए भी रंगोली प्रतियोगिता, दीप थाली सजाओ प्रतियोगिता रखी गई है जिन्हें भी आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा ।

### नरेंद्र मोदी विचार मंच के छत्तीसगढ़ प्रदेश सचिव बने राम नरेश

**सक्ती।** राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाणक्य एवं प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने नरेन्द्र मोदी विचार मंच छत्तीसगढ़ राम नरेश यादव नरेन्द्र मोदी विचार मंच की कोर कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से नरेन्द्र मोदी विचार मंच का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है।



उनकी नियुक्ति 20 अक्टूबर से अग्रिम आदेश तक प्रभावी होगा। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के कार्यों और विचारों को पूरी निष्ठा से अपने कार्य क्षेत्र में प्रचारित एवं प्रसारित करने की बात कही।

### छग नागरिक सुरक्षा फांउडेशन की बैठक, संगठन विस्तार पर चर्चा



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन की प्रथम बैठक विश्राम गृह सक्ती में गुरूवार 23 अक्टूबर को आहूत की गई थी। बैठक में संगठन के विस्तार एवं रूपरेखा तैयार करने हेतु विचार विमर्श किया गया एवं साथ में ही दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम रखा गया। सक्ती में अतिशीघ मजबूत संगठन का विस्तार होगा जो लोगों की सेवा भाव से काम करेगा। मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष संजय रामचंद , जिला अध्यक्ष रामनरेश यादव , मागेराम अग्रवाल, अनूप अगवाल, दीपक गुप्ता ,विजय मित्तल , गोविंद देवांगन , पुरुषोत्तम खुटे, मनोज सोनी, गजेंद्र यादव, सुरेश कुमार साहू, राजा सोनी, तुलेश जायसवाल आदि शामिल है।

## निधन

### प्रभात कुमार राठौर

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर के प्रतिष्ठित नागरिक प्रभात कुमार राठौर का 18 अक्टूबर को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में सजातीय बंधु सहित गणमान्य नागरिक बडी संख्या में शामिल हुए।



### आनंद कुंवर गोड़

**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह उर्फ भदरीपाली की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती आनंद कुंवर गोड़ का गुरुवार 23 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में सम्पन्न हुई। उनकी अंतिम यात्रा में सजातीय बंधु समेत अंचल के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुये।



### लक्ष्मी जैन

**अकलतरा।** नगर के वार्ड नंबर 6 में निवासरत छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज नगर इकाई उपाध्यक्ष सुशील जैन की पत्नी लक्ष्मी जैन का गुरूवार 23 अक्टूबर को 58 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम संस्कार नगर के कॉलेज रोड में स्थित मुक्तिधाम में हुआ। वे सौरभ जैन, गौरव जैन एवं वैभव जैन की मां थी।



### सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को लेकर सांसद ने ली बैठक

# एकता मार्च यात्रा एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने महत्वपूर्ण कदम : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री, भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले यूनिटी मार्च की तैयारियों को लेकर आज जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने सर्किट हाऊस जांजगीर में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई और सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

ज्ञात हो कि गुरूवार 23 अक्टूबर को सांसद ने अधिकारियों की जिला स्तरीय बैठक ली। इस दौरान प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री, भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले यूनिटी मार्च की तैयारियों को लेकर जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने सर्किट हाऊस जांजगीर में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। साथ ही जनहित में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई और सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। इस



अधिकारियों की बैठक लेती सांसद सहित अन्य।

अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, जगन्नाथ पाणिग्रही, गुलाब सिंह चंदेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदिनी राजवाड़े, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, आशुतोष गोस्वामी, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर, एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि यह अभियान एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा युवाओं को सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रनिर्माण के योगदान से जोड़ने का एक माध्यम होगी। उन्होंने कहा कि यूनिटी मार्च की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाए। जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा कि एकता, अखंडता और राष्ट्र सेवा के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिले, यही इस आयोजन का उद्देश्य है। आयोजन में समाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, एनजीओ, आमनागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल करने कहा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने यूनिटी मार्च के तैयारियों व व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। साथ ही जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में आत्मनिर्भर भारत, "सरदार पटेल का जीवन एवं योगदान" विषय पर वाद-विवाद, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं संगोष्ठियों का आयोजन होगा। प्रत्येक विद्यालय में नशा मुक्त भारत की शपथ और 'गर्व से स्वदेशी अपनाने' का संकल्प दिलाया जाएगा। पदयात्रा से एक सप्ताह पूर्व तक सभी मार्गों एवं स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही जनहित में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा। यात्रा का समापन लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पण और आत्मनिर्भर भारत की शपथ के साथ होगा। जिले से 5 अलग-अलग क्षेत्रों के उपलब्धि प्राप्त युवा जिले से यात्रा प्रारंभ कर नागपुर की ओर प्रस्थान करेंगे। आयोजन में समाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, एनजीओ, आमनागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल करने कहा।

## तहसील साहू संघ के राजेन्द्र अध्यक्ष सचिव बनाए गए हरनारायण



निर्वाचन सम्पन्न के बाद हर्षोल्लास मनाते तहसील साहू संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

तहसील साहू संघ अकलतरा का निर्वाचन संपन्न हुआ। चुनाव में तहसील साहू संघ के राजेंद्र साहू अध्यक्ष एवं हरनारायण साहू सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है।

साहू समाज संघ तहसील अकलतरा का चुनाव ग्राम कटनई में संपन्न हुआ जिसमें तहसील अध्यक्ष राजेंद्र साहू ,उपाध्यक्ष बृजेश्वर प्रसाद साहू, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती साहू, संगठन सचिव हरनारायण साहू महिला संगठन सचिव श्रीमती सरिता साहू को निर्वाचित किया गया। कार्यक्रम में चुनाव अधिकारी जिला जांजगीर चांपा से संजय साहू हेमंत साहू अशोक साहू राम चरण साहू जी अकलतरा तहसील से केंद्र अध्यक्ष गण संतोष साहू, महावीर साहू ,समय लाल, साहू ,दिलेश्वर साहू एवं उपाध्यक्ष अशोक साहू ,श्याम कार्तिक साहू ,शांतिलाल साहू एवं ग्रामीण इकाई से पदाधिकारी गण मोहित राम साहू ,उमेंद्र साहू ,उमेश साहू वेदराम साहू ,हरीश साहू, नरेंद्र साहू ,लक्ष्मी साहू ,रामकुमार साहू, रामदुलार साहू ,बद्री साहू ,गोवर्धन साहू ,सीताराम साहू ,तुलसी साहू ,लोकनाथ साहू ,अविनाश साहू, भारत साहू , अंजोरी साहू , सुजाता साहू ,सीमा साहू ,सावित्री साहू, इंदु लता साहू ,परमेश्वरी साहू ,प्रेमलता साहू ,खिलेश्वरी साहू, तारिणी साहू ,शशि साहू ,अमेरिका साहू ,फुलेश्वरी साहू, तिहारो साहू ,मिलाओ राम साहू ,चंदन साहू ,पवन साहू, अर्जुन साहू ,रेखीराम साहू ,विनोद साहू ,योगेश साहू, देवचरण साहू ,रामायण साहू ,शिव प्रसाद, साहू नारायण साहू ,हर नारायण साहू ,गजेंद्र साहू ,ननकी साहू ,गणेश साहू एवं साहू समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## गोवर्धन पूजा पर गौठान में गौ माताओं की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

गोवर्धन पूजा के अवसर पर ग्राम किरारी गौठान में ग्राम पंचायत एवं श्री कामधेनु गौ सेवा समिति किरारी के पदाधिकारियों द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक विधि से गौवंश सहित गौ माता के माथे पर तिलक लगा कर विशेष पूजा कर भोजन कराया गया। कार्यक्रम में गोरखनाथ से आए गोदरिया बाबा बालकदास ने कहा कि यह परंपरा समाज में पशु-मानव के संबंधों की गहराई और प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। ग्रामीणों ने इस अवसर पर गौठान में स्वच्छता एवं सेवा कार्यों में भी सहयोग दिया और प्रदेश में पशुओं के



गौमाता की पूजा अर्चना करते लोग।

संरक्षण व संवर्धन के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर गोदरिया बाबा बालकदास, अशोक कश्यप सरपंच ग्राम पंचायत किरारी, महेश्वर कश्यप अध्यक्ष कामधेनु गौ सेवा सेवा समिति किरारी ,धनेश गोंड़ उपसरपंच ,रामप्रसाद साहू, लक्ष्मी वर्मा, बिरेंद्र साहू, कमल कश्यप, रविंद्र कश्यप, पशु चिकित्सा अधिकारी महेश यादव, फूलसिंह जगत , जितेन्द्र कश्यप, ओमप्रकाश साहू, योगेश कश्यप, राजू साहू, कृष्ण कुमार कश्यप लाला , शांतिलाल कश्यप, किचन्नी साहू, संजय श्याम,भगत राम कश्यप, कृपाशंकर कश्यप, शिवराम कश्यप, चंद्रसेन कश्यप, सकट,प्रताप, ओम शंकर कश्यप, पंचगण सहित बडी संख्या में ग्रामवासी एवं गौधाम समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### 9 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बाराद्वार।** पुलिस ने दबिश देकर एक युवक के कब्जे से 9 लीटर महुआ शराब पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुड़ेराडीह निवासी रूपनारायण गोंड पिता साधन सिंह गोंड उम्र 50 साल द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने की जानकारी मिली। जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र यादव द्वारा ग्राम करारी गुड़ेराडीह में टीम बनाकर दबिश दी गई। छापामार कार्रवाई के दौरान रूपनारायण गोंड के कब्जे से 9 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया। उक्त शराब की कीमत 9 सौ रुपए बताई जा रही है। आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक नरेंद्र यादव, प्रधान आरक्षक मनीष राजपूत, आरक्षक योगेश राठौर व समस्त बाराद्वार स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## त्रेतायुग से है मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम अच्छाई के प्रतीक : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में दशहरा उत्सव और गरबा-डांडिया कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां दुर्गा की पूजा-अर्चना से हुई। उत्सव के दौरान रावण दहन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एच.आर. जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जांजगीर-चांपा एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रत्ना थवाईत उपस्थित रहे। जायसवाल ने कहा कि त्रेतायुग से ही मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम अच्छाई के प्रतीक माने जाते हैं, जबकि रावण बुराई का प्रतीक है। विजयादशमी अच्छाई के द्वारा बुराई को परास्त करने की प्रेरणा देती है। बीआरसीसी एच.के. बेहार ने कहा कि यह पर्व धर्म पर अधर्म, सत्य पर असत्य और सदाचार पर दुराचार की



विजय का प्रतीक है। वहीं सीआरसी रमेश मेहरा और शैक्षिक समन्वयक विश्वनाथ कश्यप ने कहा कि दशहरा दस प्रकार के पाप, काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी को त्यागने की प्रेरणा देता है। एसएमसी अध्यक्ष राजू साहू एवं सरपंच प्रतिनिधि रामस्वरूप कश्यप ने विद्यार्थियों को सदैव सत्य, ईमानदारी और नैतिकता के मार्ग पर चलने की सीख दी।छ.ग. टीचर्स एसोसिएशन प्रांतीय उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी एवं जिला अध्यक्ष धन्यकुमार पांडे ने कहा कि दशहरा भारतीय संस्कृति की वीरता और शौर्य का प्रतीक पर्व है। इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित अमृत लाल साहू एवं सेवानिवृत्त शिक्षिका विजयलक्ष्मी कश्यप का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पिताम्बर प्रसाद कश्यप ने किया। प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे एवं ब्लॉक अध्यक्ष उमेश तेम्बूलकर ने कहा कि उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए ऊंची सोच आवश्यक है, क्योंकि हमारी सोच ही हमारे भविष्य की दिशा तय करती है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रसाद वितरण किया गया।

## ब्रम्हाकुमारीज के होली हंस सरोवर में मना दीपावली स्नेह एवं भाई दूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

ब्रह्माकुमारीज के नवनिर्मित स्थान होली हंस सरोवर में गुरूवार को दीपावली स्नेह मिलन एवं भाई दूज का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

ज्ञात हो कि भड़ेसर, मुनुन्द एवं जांजगीर सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी चन्द्रिका ने कहा कि दीपावली भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व का सबसे बड़ा त्यौहार है। यह परमात्मा की ओर से आत्माओं में दिव्य गुणों का प्रकाश भरने का सुनहरा दिन है। इसीलिए दिवाली के दिन पूरे घर के कोने कोने की सफाई की जाती है ताकि धन की देवी लक्ष्मी प्रसन्न हो और हमारा घर धन्य धान्य, सुख समृद्धि से भरपूर हो लेकिन विडंबना है कि दीवाली और भाई दूज



उपस्थित ब्रम्हाकुमारी के सदस्यगण।

को केवल बाहरी रीति से मनाते आए हमने अपने अंतर की सफाई नहीं किए परिणाम स्वरुप जीवन से सुख, शांति और समृद्धि का ह्रास होते गया। जब तक परमसत्ता परमात्मा से बुद्धि योग जुटा नहीं रहेगा, तब तक आत्मा विषय विकारों रूपी अंधेरा में घिरा रहता है, परमात्मा के लिए ही कहते है ज्ञान सूर्य प्रगटा - अज्ञान अंधेर विनाश अर्थात सर्व गुणों के सागर परमात्मा से सम्बन्ध जोड़ना ही आत्मा को दिव्य प्रकाश से भरपूर करना है। जांजगीर के जाने माने वरिष्ठ अधिवक्ता भ्राता कमलेश सिंह ने कहा कि आत्मा को प्रकाश की ओर ले जाना ही सच्ची दिवाली मनाना है। इस अवसर पर भ्राता एन. के. सोनवान, प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल आमारीकरा एवं भ्राता मोहन लाल कँवर, व्याख्याता पी ऍम सजेश तिलकेजा ने कहा कि इस संसार से जाने के दो ही मार्ग है एक है प्रकाश का मार्ग और दूसरा है अंधकार का मार्ग तो जब इस संसार से जाना ही है तो क्यों न प्रकाश से जाने का मार्ग चुने। कार्यक्रम के शुभारम्भ में कु.खुशबू, कु. वाणी., कु. बिट्टू. कु. ओशी ने स्वागत डांस एवं दिवाली मिलन की नृत्य के माध्यम से सुन्दर प्रस्तुति दी।

## दीपावली पर पांच दिवसीय पूजा उत्सव पर जसगीत प्रतियोगिता में बोरसी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

नव युवक जय मां लक्ष्मी पूजा उत्सव समिति के तत्वाधान में गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के ठाकुर देव पारा में दीपावली के शुभ अवसर पर पांच दिवसीय लक्ष्मी पूजा उत्सव के दौरान जस गीत प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। जिसमें सादा जस गीत में प्रथम पुरस्कार जय ठाकुर देव जस गीत पार्टी ग्राम बिर्रा को और झांकी जस गीत में प्रथम पुरस्कार जय मां गौटिन दाई जस गीत पार्टी ग्राम बोरसी को प्रदान किया गया है।

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के ठाकुर देव पारा में नव युवक जय मां लक्ष्मी पूजा उत्सव समिति मल्दा के तत्वाधान में दीपावली पर पांच दिवसीय लक्ष्मी पूजा उत्सव कार्यक्रम के दौरान जस गीत प्रतियोगिता का



आयोजन रखा गया था। उत्तम कुमार कश्यप ने बताया कि नवयुवक जय महालक्ष्मी पूजा उत्सव समिति मल्दा के अध्यक्ष सितेश कुमार कश्यप, उपाध्यक्ष लेखराम कश्यप, सचिव विनोद कुमार देवांगन, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार कश्यप को बनाया गया है। आचार्य गोपाल दास वैष्णव हैं। मुख्य यजमान अमृत लाल देवांगन श्रीमती सुलोचना देवांगन और मनोज देवांगन श्रीमती गीता बाई देवांगन है। पहले सादा जसगीत गायन प्रतियोगिता और दूसरा झांकी जसगीत गायन प्रतियोगिता है। जिसमें सादा जस गीत में प्रथम जय ठाकुर देव जस गीत पार्टी ग्राम बिर्रा को 13 हजार रुपए और झांकी जस गीत में प्रथम जय मां गौटिन दाई जस गीत पार्टी ग्राम बोरसी को 13 रुपए प्रदान किया गया है। जसगीत में दूसरा जय मां कंकालीन दाई जस गीत पार्टी नेगुरडीह को 11 हजार और झांकी जस गीत में दूसरा जय बजरंगी माता सेवा पार्टी लिमतरा को 11 हजार रुपए प्रदान किया गया। तीसरा जय लाला चौरा जस गीत पार्टी पेंड्री को 9 हजार रुपए प्रदान किया गया। झांकी जस गीत में नवकलसा जस गीत पार्टी ओरदा को तीसरा 9 हजार रुपए प्रदान किया गया। चौथा सादा जसगीत में जय बजरंग जस गीत पार्टी ओंडेकेरा को 7 हजार प्रदान किया गया और चौथा पुरस्कार झांकी जस गीत में जय मां मड़वा रानी जस गीत पार्टी कपिस्दा को 7 हजार रुपए सहित अन्य पुरस्कार दिया गया।

### दूर दूर से भक्त पहुंचते हैं मंदिर के दर्शन करने

# माता कौशिल्या की जन्मभूमि कोसलाधाम में दीपोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

दीपावली पर्व के अवसर पर अयोध्या धाम की तरह माता कौशल्या जन्मभूमि कोसला धाम में भी मंदिर समिति के सदस्य एवं भक्तों द्वारा हजारों द्वीप जलाकर दिवाली मनाई गई।

पामगढ़ के कोसलाधाम में मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा मंदिर परिसर में हजारों दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। भक्तों ने इसकी कई दिनों से तैयारी कर रखी थी। दीपावली की रात कौशल्या महामाया मंदिर का परिसर दीपों से जगमगा उठा। मंदिर जाने वाले सड़क से मंदिर के चारों ओर बाउंड्री वॉल एवं छतों में हजारों दीपों की रोशनी से पूरे मंदिर क्षेत्र को सजाया गया था। जिससे मंदिर का दृश्य अद्भुत, अलौकिक, भव्य, दिव्य



कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अतिथि।

और आकर्षक दिखाई दे रहा था। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्ष दिपावली पर इसी तरह मंदिर में हजारों दीप प्रज्वलित किया जाता है। कौशल्या जन्मभूमि कोसला जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर पर स्थित है, ऐतिहासिक किताबें एवं इतिहासकारों के अनुसार कोसला गांव ही भगवान राम का ननीहाल व माता कौशल्या का जन्म स्थान है, और यहां माता कौशल्या का एक भव्य मंदिर भी स्थापित है, मंदिर एक प्राचीन गढ़ में स्थापित है, जिसके चारों ओर गहरी खाई आज भी मौजूद है। मंदिर से जुड़े हुए लोगों की बड़ी गहरी आस्था है। दुर-दुर से भक्त यहां दर्शन करने पहुंचते हैं। वर्ष में नवरात्रि पर्व चैत्र एवं कुंवार महिने में भक्तों द्वारा यहां मनोकामना ज्योति कलश स्थापित कि जाती है। इस अवसर पर दीपोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर समिति के सदस्य आनंद सिंह कंवर, अशोक कुमार साहू, प्रेमलाल धींवर, मनीलाल, सीताराम पटेल, विनोद कश्यप, गौरव तिवारी, हुलेश साहू, संतोष पटेल, प्रभाकर साहू, तेजराम कश्यप, आर्यन साहू, बसंत साहू, गुलाब चंद पटेल, मोहन कंवर एवं भक्त गण उपस्थित थे।

